# गणित

(www.tiwariacademy.com)


## (अध्याय – 7)(त्रिभुज)

(कक्षा – 9)

## प्रश्नावली 7.4

**प्रश्न 1:**

दर्शाइए कि समकोण त्रिभुज में कर्ण सबसे लंबी भुजा होती है।




**उत्तर 1:**

$\Delta ABC$ में, $\angle B = 90^\circ$ [∵ दिया है]

इसलिए, $\angle A < 90^\circ$ और $\angle C < 90^\circ$ [$\because \angle A + \angle C = 90^\circ$]

अतः, $\Delta ABC$ में,

$\angle B > \angle C$ [$\because \angle B = 90^\circ$ और $\angle C < 90^\circ$]

$AC > AB$ ... (1) [∵ किसी त्रिभुज में, बड़े कोण की सम्मुख भुजा बड़ी होती है]

इसीप्रकार, $\Delta ABC$ में, $\angle B > \angle A$ [$\because \angle B = 90^\circ$ और $\angle A < 90^\circ$]

$AC > BC$ ... (2) [∵ किसी त्रिभुज में, बड़े कोण की सम्मुख भुजा बड़ी होती है]


समीकरण (1) और (2) से

$AC > AB$ और $AC > BC$

अतः, कर्ण AC सबसे लंबी भुजा है।

**प्रश्न 2:**

आकृति में, $\Delta ABC$ की भुजाओं AB और AC को क्रमशः बिंदुओं P और Q तक बढ़ाया गया है। साथ ही, $\angle PBC < \angle QCB$ है। दर्शाइए कि $AC > AB$ है।




**उत्तर 2:**

$\angle PBC + \angle ABC = 180^\circ$ [∵ रैखिक युग्म]

$\Rightarrow \angle PBC = 180^\circ - \angle ABC$ ... (1)

इसीप्रकार, $\angle QCB + \angle ACB = 180^\circ$ [∵ रैखिक युग्म]

$\Rightarrow \angle QCB = 180^\circ - \angle ACB$ ... (2)

दिया है: $\angle PBC < \angle QCB$

$\Rightarrow 180^\circ - \angle ABC < 180^\circ - \angle ACB$ [∵ समीकरण (1) और (2) से]

$\Rightarrow -\angle ABC < -\angle ACB$


$\Rightarrow \angle ABC > \angle ACB$ ... (3)

$\Delta ABC$ में, $\angle ABC > \angle ACB$ [∵ समीकरण (3) से]

अतः, $AC > AB$ [∵ किसी त्रिभुज में, बड़े कोण की सम्मुख भुजा बड़ी होती है]

**प्रश्न 3:**

आकृति में, $\angle B < \angle A$ और $\angle C < \angle D$ है। दर्शाइए कि $AD < BC$ है।




**उत्तर 3:**

$\Delta ABO$ में, $\angle B < \angle A$ [∵ दिया है]

अतः, $AO < BO$ ... (1) [∵ किसी त्रिभुज में, बड़े कोण की सम्मुख भुजा बड़ी होती है]

इसीप्रकार,

$\Delta CDO$ में, $\angle C < \angle D$ [∵ दिया है]


अतः, $DO < CO$ ... (2) [∵ किसी त्रिभुज में, बड़े कोण की सम्मुख भुजा बड़ी होती है]

समीकरण (1) और (2) से

$AO + DO < BO + CO$

$\Rightarrow AD < BC$


## प्रश्न 4:




AB और CD क्रमशः एक चतुर्भुज ABCD की सबसे छोटी और सबसे बड़ी भुजाएँ हैं (देखिए आकृति)। दर्शाइए कि $\angle A > \angle C$ और $\angle B > \angle D$ है।

## उत्तर 4:

**रचना**: AC को मिलाया।




$\Delta ABC$ में, $BC > AB$ [$\because$ AB चतुर्भुज ABCD की सबसे छोटी भुजा है]

अतः, $\angle 1 > \angle 3$ ... (1) [$\because$ किसी त्रिभुज में, लंबी भुजा का सम्मुख कोण बड़ा होता है]

इसीप्रकार,


$\Delta ADC$ में, $CD > AD$ [$\because$ CD चतुर्भुज ABCD की सबसे बड़ी भुजा है]

अतः, $\angle 2 > \angle 4$ ... (2) [$\because$ किसी त्रिभुज में, लंबी भुजा का सम्मुख कोण बड़ा होता है]

समीकरण (1) और (2) से

$\angle 1 + \angle 2 > \angle 3 + \angle 4 \Rightarrow \angle A > \angle C$

**रचना**: BD को मिलाया।




$\Delta ABD$ में, $AD > AB$ [$\because$ AB चतुर्भुज ABCD की सबसे छोटी भुजा है]

अतः, $\angle 5 > \angle 7$ ... (3) [$\because$ किसी त्रिभुज में, लंबी भुजा का सम्मुख कोण बड़ा होता है]

इसीप्रकार,

$\Delta BDC$ में, $CD > BC$ [$\because$ CD चतुर्भुज ABCD की सबसे बड़ी भुजा है]

अतः, $\angle 6 > \angle 8$ ... (4) [$\because$ किसी त्रिभुज में, लंबी भुजा का सम्मुख कोण बड़ा होता है]


समीकरण (3) और (4) से

$\angle 5 + \angle 6 > \angle 7 + \angle 8 \Rightarrow \angle B > \angle D$

## प्रश्न 5:

आकृति में, $PR > PQ$ है और PS कोण QPR को समद्विभाजित करता है।
सिद्ध कीजिए कि $\angle PSR > \angle PSQ$ है।

## उत्तर 5:




$\Delta PQR$ में, $PR > PQ$ [$\because$ दिया है]

अतः, $\angle Q > \angle R$ [$\because$ किसी त्रिभुज में, लंबी भुजा का सम्मुख कोण बड़ा होता है]


दोनों ओर $\angle RPS$ जोड़ने पर, $\angle Q + \angle RPS > \angle R + \angle RPS$

$\Rightarrow \angle Q + \angle RPS > \angle PSQ$ [$\because \angle PSQ$ त्रिभुज PSR का बाह्य कोण है]

$\Rightarrow \angle Q + \angle QPS > \angle PSQ$ [$\because \angle RPS = \angle QPS$]

$\Rightarrow \angle PSR > \angle PSQ$ [$\because \angle PSR$ त्रिभुज PQS का बाह्य कोण है]

## प्रश्न 6:




दर्शाइए कि एक रेखा पर एक दिए हुए बिंदु से, जो उस रेखा पर स्थित नहीं है, जितने रेखाखंड खींचे जा सकते हैं उनमें लम्ब रेखाखंड सबसे छोटा होता है।

## उत्तर 6:

दिया है: FB एक रेखा है और A एक बिंदु है, जो उस रेखा पर स्थित नहीं है।
सिद्ध करना है: AB रेखाखंड सबसे छोटा है।

$\Delta ABC$ में, $\angle B = 90°$ [$\because$ दिया है]

इसलिए, $\angle BAC < 90°$ और $\angle ACB < 90°$ [$\because \angle BAC + \angle ACB = 90°$]

अतः, $\Delta ABC$ में, $\angle B > \angle ACB$ [$\because \angle B = 90°$ और $\angle ACB < 90°$]

$AC > AB$ [$\because$ किसी त्रिभुज में, बड़े कोण की सम्मुख भुजा बड़ी होती है]

इसीप्रकार, $AD > AB$, $AE > AB$ और $AF > AB$, अतः, लम्ब रेखाखंड AB सबसे छोटा है।